Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Dhotre Shri Sanjay Shamrao

an>

Title: Need to open a computerized railway reservation counter at Murtijapur and Aakot Railway Stations in Maharashtra.

श्री संजय धोत्रे (अकोला) :अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अकोला जिले से सेंट्रल रेलवे की महत्वपूर्ण रेल गाड़ियों का दिन रात आवागमन रहता है। हावड़ा-मुंबई, पुणे-हावड़ा, सूरत-हावड़ा तथा दक्षिण की ओर जाने वाली मेल तथा एक्सप्रेस गाड़ियां नियमित रूप से चलती हैं और इस जिले की जनता को इसका पूरा लाभ भी मिलता है। इस अकोला जिले के दो महत्वपूर्ण शहर मुर्तिजापुर तथा आकोट रेलवे स्टेशनों से यह गाड़ियां गुजरती हैं, किंतु जनता को इन लंबी दूरी वाली गाड़ियों में आरक्षण नहीं मिल पाता और इसका कारण यह है कि इन दोनों शहरों के रेलवे स्टेशन पर कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण केन्द्र अब तक खोला नहीं गया जिसके लिए हम रेल मंत्रालय को बार बार निवेदन देते हैं, फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। रेल बजट में हर साल नये नये कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण केन्द्र खोलने की घोणा तो कर देते हैं, लेकिन जहां बहुत जरूरत है वहां यह केन्द्र नहीं खोलते।

सरकार से मेरा आग्रह है कि रेल मंत्रालय आगामी रेल बजट में इन दोनों शहरों में कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण केन्द्र खोलने की घोणा करें।